Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to declare Chitrakoot Banda-Kanpur road as a national highway.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन का एक बहुत ही महत्वपूर्ण समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र के बगल से बार्डर पर ललहोली के पास एक महत्वपूर्ण राजमार्ग है जो बांदा से कानपुर को जाता है। वह बांदा, फतेहपुर, कानपुर के लिए प्रमुख मार्ग है। यह मार्ग मध्य प्रदेश को जोड़ता है। यह बहुत ही व्यस्त मार्ग है। लेकिन यह मार्ग चार किलोमीटर तक बहुत ही खराब हालत में है। यह पांच वर्ष से खराब हालत में है। इसके लिए हम लगातार मांग करते रहे हैं। पुरानी राज्य सरकार ने तो इस पर ध्यान नहीं दिया। नयी सरकार भी कहती है कि वह राष्ट्रीय राजमार्ग बनेगा। लेकिन उसके लिए अभी तक प्रस्ताव नहीं गया है। इस समय बरसात का सीजन है और इतने बड़े गड्ढे हो गए हैं कि पानी भरने के बाद वे दिखाई नहीं पड़ते हैं, जिससे वहां दुर्घटनाएं हो रही हैं। वहां लगातार जाम लग रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि राष्ट्रीय राजमार्ग की उसकी मांग बहुत दिनों से पेंडिंग है। इस महत्वपूर्ण बांदा-कानपुर राजमार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में लेकर उसको बनवाया जाए। लेकिन जब तक वह राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं बन जाता है, तब तक राज्य सरकार से बात करके यथाशीघ्र उसको कम से कम मोटराइज़ करवा दिया जाए। जिससे लोगों की समस्या का निदान हो सके।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री भैरों प्रसाद मिश्र द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।